52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 07.6°c अधिकतम 22.9 °c

**अमृतवाणी**

जरूरी नहीं हर बार आपके शब्दों को सही समझा जाए, इसलिए कभी-कभी चुप रहना ज्यादा बेहतर होता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:00 सूर्यास्त-5:20 | वर्ष : 52/ अंक : 339 | रविवार, 08 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी को देशद्रोही कहना बीजेपी नेताओं के मानसिक दिवालियापन का प्रतीक है : अशोक गहलोत



अखिल भारतीय स्तर पर.... नेता मानसिक जांच शिविर....लगना चाहिए......

# 14 साल बाद फिर हिस्ट्रीशीटर बने शाहनवाज राणा

- जीएसटी छापे के दौरान महिला अधिकारी से अभद्रता के मामले में फंसे पूर्व विधायक की मुश्किलें बढ़ी
- 2010 में कोर्ट के आदेश पर शहर कोतवाली में बंद हुई थी पूर्व विधायक के खिलाफ खुली हिस्ट्रीशीट
- अब खालापार थाने के हिस्ट्रीशीटर बने पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, अभी तक 11 मुकदमे समाने आये



**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** गुरूवार को सेंट्रल जीएसटी की टीम पर राणा स्टील फैक्ट्री वहलना चौक पर हुए हमले के बाद पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को अभी तक जमानत नहीं मिल पाई है। नौ दिसम्बर को इसकी सुनवाई की तारीख नियत की गई है, मगर उससे पहले शाहनवाज राणा पर बड़ा शिकंजा कसने की तैयारी होती दिखाई पड़ रही है। पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के खिलाफ हिस्ट्रीशीट की निगरानी फिर से शुरू कर दी गई है। पूर्व विधायक पर अभी तक 11 आपराधिक मामले अलग-अलग थानों में दर्ज मिल चुके हैं, मगर अभी भी मामले की जांच चल रही है और अन्य थानों में भी इस बात का पता लगाया जा रहा है कि पूर्व विधायक शाहनवाज राणा का थानों में क्या अपराधिक रिकॉर्ड है। पुलिस मुकदमों के आधार पर गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही करने के मूड में दिखाई पड़ रही है। गुरूवार को जीएसटी की छापेमारी के मामले में महिला अधिकारियों के साथ अभद्रता के भी गंभीर आरोप शाहनवाज राणा और उनके चचेरे भाई सद्दाम राणा पर लगाये गये हैं। इस मामले में भी कोई बड़ी कार्यवाही उक्त दोनों के विरुद्ध होनी तय बताई जा रही है। आपको बता दें कि वर्ष 2001 में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की मुजफ्फरनगर शहर कोतवाली में ही हिस्ट्रीशीट खोली गई थी। हिस्ट्रीशीट संख्या 124ए की निगरानी वर्ष 2010 तक की गई, लेकिन पूर्व विधायक द्वारा हाईकोर्ट में रिट दायर की गई थी। इसके चलते कोर्ट के आदेशों में कहा गया था कि यदि वह अब अपराध नहीं करेगा तो उसकी हिस्ट्रीशीट बंद कर दी जायेगी। कोर्ट के ओदश जारी होने के बाद तत्कालीन एसएसपी ने यह आदेश दिए थे कि उनकी हिस्ट्रीशीट बंद की जा रही है, लेकिन यदि भविष्य में वो कोई अपराध करते हैं कि उनकी हिस्ट्रीशीट की निगरानी शुरू कर दी जायेगी। कहा जा रहा है कि वर्ष 2010 के बाद भी पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के खिलाफ मामले दर्ज हुए हैं, इसी के कारण उनकी हिस्ट्रीशीट खुली है। पुलिस ने अब फिर से उनकी यह हिस्ट्रीशीट चालू कर निगरानी प्रारम्भ कर दी है, फिलहाल पुलिस की जांच पड़ताल में विभिन्न थानों में उनके खिलाफ 11 आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं।

### कोर्ट में दर्ज हुए पीड़ित महिला अधिकारी के बयान

**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार को पूर्व सांसद कादिर राणा की फैक्ट्री में जीएसटी की डिप्टी डायरेक्टर श्रेया गुप्ता के साथ अभद्रता के आरोप के साथ ही बीएनएस की धारा 75-2 में शाहनवाज राणा और सद्दाम राणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। उक्त मामले में शनिवार को थाना सिविल लाइन पुलिस ने महिला अधिकारी के बयान कोर्ट में दर्ज कराये हैं। पुलिस सोमवार को बयानों का अवलोकन करेगी, उसके बाद पुलिस बयानों को विवेचना में शामिल कर कार्यवाही को आगे बढ़ायेगी। वहीं वादी जीएसटी अधिकारी के बयान पहले से ही दर्ज हो चुके हैं। अधिकारियों के साथ - साथ जीएसटी टीम में शामिल कर्मचारियों के भी बयान पहले से दर्ज कराये गये हैं।

## बढ़ी ठिठुरन ने कराया शीत लहर का आभास

- जल्द ही पहाड़ों पर बर्फबारी और बारिश के आसार, पारा 22.9/7.6

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** दिसंबर का पहला हफ्ता खत्म होने ही शीतलहर ने दस्तक दे दी है। नगर में आज तापमान में गिरावट के साथ ठिठुरन का आभास हुआ और तापमान अधिकतम 22.9 और न्यूनतम 7.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने ठंड बढ़ने और हल्की बारिश के भी आसार जताए हैं। हालांकि दिन में ठंड के तेवर बढ़ने के बावजूद धूप से मौसम की चुभन को थाम रखा है। नवंबर तक गर्माहट लिए मौसम में अब ठंडक की तीव्रता बढ़ गई है। दो दिन से मौसम में बदलाव के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। शीतलहर चलने से अब दिन में ठंड बढ़ गई है। चार दिन में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही तापमान अधिकतम 22.9 और न्यूनतम 7.6 डिग्री पर आ गया। इसके चलते आज शीत लहर का अहसास और ठिठुरन बढ़ गई है। आज सुबह कोहरे के बाद धूप निकलने



से राहत मिली। शाम को धूप ढलते ही फिर से ठंड का अहसास बढ़ गया। शाम को ठिठुरन ने सर्दी के तेवरों का अहसास कराया। ठंड का अहसास बढ़ने के साथ लोग जहां गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं, वहीं शाम को बाजारों में भी चहल पहल कम हो रही है। सुबह का कोहरा वाहनों के आवागमन को प्रभावित कर रहा है। मंदिरों और घरों में ठाकुर जी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। मौसम विभाग की मानें तो उत्तर भारत के कई इलाकों समेत प्रदेश में रविवार और सोमवार को तराई व पूर्वी उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी संग हल्की बारिश के आसार हैं। इसके साथ ही दिन के पारे में 2 डिग्री तक की गिरावट से ठंड में इजाफा होगा। मंगलवार से पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के बाद फिर से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी। इसके असर से बुधवार के बाद तराई और पूर्वांचल में घना कोहरा देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 8 दिसंबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों को प्रभावित करेगा। इससे पश्चिमी हिमालय में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। शुष्क मौसम के बीच समूची कश्मीर घाटी में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ने लगी है। पारा गिरकर और नीचे चला गया है। श्रीनगर में माइनस 4.1 डिग्री के साथ मौजूदा सर्दियों की सबसे ठंडी रात रही। भीषण ठंड में डल झील समेत घाटी के अधिकांश जलस्रोत आंशिक तौर पर जमे रहे, जबकि नलों में पानी दोपहर तक जमा रहा। मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को भी शुष्क मौसम रहने के आसार जताए हैं। इसके चलते रात के तापमान में और गिरावट की उम्मीद है। उत्तराखंड में वर्षा और बर्फबारी की संभावना है। आज पश्चिमी विक्षोभ के उत्तराखंड और आसपास के राज्यों में सक्रिय होने के आसार हैं। जिसके बाद हिमालय की चोटियों पर हल्का हिमपात देखने को मिल सकता है। पहाड़ से मैदान तक ठिठुरन बढ़ गई है। करीब दो माह बाद ज्यादातर क्षेत्रों में वर्षा के आसार बने हैं। साथ ही चोटियों पर हिमपात की उम्मीद है। मौसम विभाग ने रविवार और सोमवार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बादल छाने के साथ हल्की से मध्यम बौछारें पड़ सकती हैं।

### रेलवे स्टेशन के सामने वाली मस्जिद बचाने को हाईकोर्ट जाने की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** रेलवे स्टेशन के सामने स्थित मस्जिद की भूमि के शत्रु सम्पत्ति घोषित किये जाने के प्रकरण में अब मस्जिद बचाने को मुस्लिम पक्ष के द्वारा हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर ली गई है। इसमें अभिरक्षक शत्रु सम्पत्ति के आदेश के खिलाफ अपील दायर की जायेगी। बता दें कि राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोडा के द्वारा की गई शिकायतों के आधार पर जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट के बाद भारत के अभिरक्षक शत्रु सम्पत्ति के द्वारा पाकिस्तान के प्रथम प्रधानमंत्री लियाकत अली खां के भाई नवाब रुस्तम अली खां और उनके परिजनों के नाम दर्ज खसरा नम्बर 930 के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन के सामने वाली भूमि को शत्रु सम्पत्ति घोषित कर दिए जाने का आदेश जारी किया गया। इस भूमि पर वर्तमान में मस्जिद और दुकानें निर्मित हैं। इस आदेश के बाद हलचल मची हुई है। अब इस मामले में मस्जिद के मोहतमिम मौहम्मद मुजीबुल इस्लाम ने कहा कि यह आदेश नाजायज और बेबुनियाद बातों पर जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मस्जिद नवाब रुस्तम अली खां ने अपने जीवन में अपनी भूमि पर निर्मित कराई थी और भूमि को मस्जिद के नाम वक्फ कर दिया था। बाद में ये भूमि उनके पुत्र सज्जाद अली खां के नाम दर्ज हुई थी। यह शत्रु सम्पत्ति घोषित नहीं हो सकती है। इस आदेश पर हम कानूनी सलाह कर रहे हैं और इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

## पीएनबी प्रबंधक के साथ धोखाधड़ी, 6.65 लाख ठगे

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बुस.)।** विकास भवन स्थित पीएनबी की वरिष्ठ प्रबंधक के साथ धोखाधड़ी कर 6.65 लाख रुपये एक खाते में आरटीजीएस करा लिए गए। ठगी की जानकारी होने पर साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक श्वेता शाह ने बताया कि उनके बैंक में रोशन मोटर्स के नाम से चालू खाता है, जिसमें अरुण कुमार गुप्ता फर्म के पार्टनर है। गत 29 नवम्बर 2024 को दोपहर के समय उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने कॉल किया। उनके मोबाइल के ट्रू-कॉलर पर अरुण कुमार गुप्ता का नाम लिखा आया। उसने अपना नाम अरुण कुमार गुप्ता व रोशन मोटर्स का पार्टनर बताया। उसने बैंक खाते के बैलेंस की जानकारी लेते हुए एक एफडी कराने की बात कही। कुछ देर बाद फिर से साइबर ठग ने फोन किया। कॉल करने वाले ने कहा कि उसका भाई अस्पताल में एडमिट है और उसकी हालत काफी सीरियस है। उसे 6.65 लाख रुपए की जरुरत है। उसने कहा कि वह फर्म के लेटरहेड पर लिखकर व चैक की फोटो भेज रहे हैं। लेटरहेड पर अस्पताल का खाता संख्या लिखा है। तत्काल उस नम्बर पर पैसे आरटीजीएस करा दें। कुछ समय पश्चात उनके मोबाइल पर लेटरहेड व चैक भेजा गया। उसके बाद पैसे ट्रांसफर कर दिए गए। उसके कुछ देर बाद ही रोशन मोटर्स से एक कर्मचारी ने आकर खाते से रुपये कटने की बात बताई। ठगी की जानकारी होने पर सभी के होश उड़ गए। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।





## मुजफ्फरनगर की चार सड़कों के नमूने जांच में फेल

**नौ जिलों के नमूनों की रिपोर्ट शासन को सौंपी, नई सड़कों की होगी अब नियमित जांच**

**लखनऊ, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** मुजफ्फरनगर समेत 9 जिलों से लिए गए सड़कों के नमूने लैब की जांच में फेल हो गए हैं। इनमें मुजफ्फरनगर-थाना भवन मार्ग, कैराना-खतौली-मोरना मार्ग, लालूखेड़ी-बिरालसी-बलवाखेड़ी मार्ग, बरला-बसेड़ा मार्ग शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी मुख्यालय ने यह रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। जांच रिपोर्ट का परीक्षण कराया जा रहा है। साथ ही अब पूरे प्रदेश में नियमित रूप से नवनिर्मित सड़कों की जांच कराने का फैसला भी किया गया है। इस जांच के बाद जिले में लोनिवि के अधिकारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। हरदोई में सड़कों के नमूने फेल होने पर 16 अभियंताओं को निलंबित किया जा चुका है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बीती 4 नवंबर को समीक्षा बैठक में सभी जिलों में सड़कों की जांच के निर्देश दिए थे। पहले चरण में हरदोई के अलावा नौ अन्य जिलों कानपुर नगर, प्रतापगढ़, मुजफ्फरनगर, आजमगढ़, बलरामपुर, बदायूं, जालौन, बस्ती और गाजीपुर से कुल 36 सड़कों के नमूने लिए गए थे। लैब की रिपोर्ट के अनुसार, इन जिलों में सड़कों की जांच में तारकोल और इमल्शन मानक के अनुरूप नहीं मिला। बजरी के प्रयोग में भी गड़बड़ी मिली। सभी जिलों में ये नमूने दूसरे जोन के मुख्य अभियंताओं ने लिए थे। उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक जांच रिपोर्ट के परीक्षण के बाद संबंधित जिलों के अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए फाइल उच्चस्तर पर भेजी जाएगी। इसके अलावा हरदोई और उन्नाव की कुछ और सड़कों के नमूने भी जांच के लिए लखनऊ की लैब में भेजे गए हैं।



### मोहन भागवत पर राकेश टिकैत का बड़ा हमला, संभल हिंसा सरकार की देन

**बागपत, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** बागपत में राष्ट्र वंदना चौक पर भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने संभल हिसा और किसानों के आंदोलन को लेकर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि किसानों को बॉर्डर पर रोकना दुर्भाग्यपूर्ण है। संभल हिंसा को लेकर टिकैत बोले कि सरकार मंदिर-मस्जिद तलाशने का काम कर रही है। सरकार अपना एजेंडा सेट कर चुकी है। राहुल गांधी के संभल दौरे पर राकेश टिकैत चुप्पी साध गए और बोले कि वह उनका काम होगा। कहा कि शिक्षकों की मांगों के लिए उन्हें भाकियू से जोड़ा जाएगा। उनकी आवाज को संगठन के जरिए बुलंद किया जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने मोहन भागवत पर बड़ा हमला बोला, उन्होंने कहा कि भागवत को देश से लगाव नहीं है। सरकार से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग करते हुए कहा कि यह नहीं हुआ तो जनसंख्या विस्फोट होगा। इस दौरान उन्होंने मोहन भागवत से मिलने की इच्छा भी जताई।

## बड़ौत-मुजफ्फरनगर मार्ग पर बाइकों की जोरदार भिड़ंत, दो सगे भाईयों समेत तीन की मौत

**बागपत, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** बड़ौत में देर रात हुए एक दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यहां बमनौली गांव के पास यह हादसा हुआ। हादसे में औसिक्का निवासी जगपाल व सतपाल और ढिकाना गांव निवासी सूरज की हुई मौत हुई है।

बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर बामनौली पुलिस चौकी के निकट बाइक सवार दो भाई सहित लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए बड़ौत अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घायलों में ढिकाना गांव निवासी सूरज पुत्र रामकिशन (28) व ओसिका गांव निवासी सगे भाई सतपाल (36) जगपाल (42) पुत्र गण चतर सिंह गम्भीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बड़ौत अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया। वही इस संबंध में दोघट इंस्पेक्टर बच्चू सिंह ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम के निरीक्षण में मिली सदर तहसील में खामियां

- सदर तहसीलदार को लगाई फटकार, जांच के दिए निर्देश
- संपत्ति नामांतरण व खतौनी मामलों में सुधार के दिए निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** मीरांपुर उपचुनाव निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के बाद जिले में सुधार की बयार की दिशा में शुरू कवायदों के बीच डीएम उमेश मिश्रा ने नगर में रैन बसेरों का निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाओं का सच उजागर करने के बाद तहसीलों में कामकाज की हकीकत से पर्दा उठाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। शनिवार को इसी कड़ी में तहसील सदर में आयोजित तहसील दिवस में जाते हुए कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने जन सरोकार से जुड़े मुद्दों में अफसरों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर ही सदर तहसीलदार को फटकार लगाते हुए जवाब तलब किया। उन्होंने संपत्तियों का नामांतरण के मामले लम्बित पाने और खसरा खतौनी की नकल मिलने में चक्कर काटने की शिकायतों पर एसडीएम सदर को जांच करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए।

योगी सरकार की यूपी में शुरू पहल के बीच फरियादियों को सस्ता व सुलभ न्याय देने की दिशा में संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम उमेश मिश्रा तहसील सदर में जन चौपाल के लिए पहुंचे। समाधान दिवस में बैठने से पहले उन्होंने तहसील सदर में कार्यालयों का औचक निरीक्षण शुरू कर दिया। यहां उन्होंने संपत्ति के नामांतरण, खसरा खतौनी की नकल के साथ ही विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों को जारी किए जाने की स्थिति को परखा। यहां सदर तहसील में संपत्तियों के नामांतरण की स्थिति खराब पाये जाने पर डीएम ने मौके पर ही मौजूद तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड को फटकार लगाते हुए कहा कि जब शासन द्वारा जनता से जुड़े कार्यों के लिए एक निर्धारित समयावधि तय कर दी है, तो उस समय में कार्य क्यों नहीं



निपटाये जा रहे हैं। उन्होंने संपत्तियों के नामांतरण के दावे व आवेदन लंबे समय से निस्तारित न होने का कारण तलब किया। उन्होंने तहसील प्रांगण में इधर-उधर टू व्हीलर वाहनों को देखकर नाराजगी जताते हुए एसडीएम सदर को वाहनों को सुव्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने रजिस्टर कानूनगो अनुभाग, दर्ज फाइलों, परवानों को देखा, भू-अभिलेखागार कक्षा, खतौनी कंप्यूटर रूम आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व कार्यो को देखें व उसका शीघ्र निस्तारण कराएं, कोई भी फाइल पेंडिंग में ना रखी जाएं। उन्होंने एसडीएम सदर को जांच करते हुए दोषी पाये गये लोगों को दंडित करने के निर्देश दिए।

***इन्होंने कहा- एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने बताया कि डीएम साहब द्वारा तहसील के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। यहां पर संपत्तियों के नामांतरण में समयावधि में खतौनी जारी न करने के प्रकरण सामने आये तो उनके निस्तारण करने के साथ अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं, जिन पर अमल किया जाएगा।***

evan multi speciality hospital

ईवान हॉस्पिटल

(श्री जयप्रकाश जैन, नावला परिवार)

JOB VACANCY

Urgent Hiring

MBBS, MD / Physician

MBBS, MS / Gyne

MBBS (RMO)

Fire Safety Officer

ECO Technician

Front Desk Executive

TPA Executive

PRO for Lab (MBA)

Minimum 2 Years Experience Required from related field

Fresher Most Welcome

Evan Hospital

Contact: (HR) +91 7078693040

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी

**मुंबई, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी गई। मुंबई पुलिस को शनिवार को व्हाट्सएप पर यह मैसेज मिला। मैसेज मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि पीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला मैसेज राजस्थान के अजमेर से भेजा गया था। मैसेज भेजने वाले संदिग्ध की तलाश में पुलिस टीम को अजमेर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन के व्हाट्सएप नंबर पर कुछ घंटे पहले यह संदेश भेजा गया। इसमें कहा गया कि दो आईएसआई एजेंटों और पीएम मोदी को निशाना बनाने के लिए बम ब्लास्ट करने की साजिश की जा रही है। जांचकताओं को संदेह है कि संदेश भेजने वाला मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति है या शराब के नशे में उसने संदेश भेजा है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर पहले भी ऐसे धमकी भरे संदेश मिल चुके हैं। इससे पहले 27 नवंबर को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके पीएम मोदी को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई थी। कॉल का पता पश्चिमी उपनगरों के अंबोली से लगाया गया और इसके बाद मामला दर्ज किया गया। मुंबई पुलिस की एक टीम ने महिला कॉलर का पता लगाया और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया था। जांच के बाद महिला मानसिक रूप से अस्थिर पाई गई और कॉल को 'शरारत' के तौर पर पाया गया। अधिकारी ने बताया कि महिला का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

### शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान फिर करेंगे दिल्ली कूच

**अंबाला, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** किसानों के मुद्दों को लेकर शंभू बॉर्डर पर चल रहा विरोध प्रदर्शन 12वें दिन भी जारी है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसानों के साथ हो रही क्रूरता को लेकर अब और चुप नहीं बैठा जा सकता। उन्होंने घोषणा की कि बुधवार को दोपहर 12 बजे 101 किसानों का एक जत्था शांतिपूर्वक तरीके से दिल्ली के लिए रवाना होगा। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हमारी भूख हड़ताल ने 12वें दिन में प्रवेश कर लिया है। यह संघर्ष हमारे अधिकारों और न्याय के लिए है। हमारा जत्था शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ेगा और सुनिश्चित करेगा कि किसी भी नियम का उल्लंघन न हो। सरकार ने पंजाब के किसानों का दिल्ली कूच रोकने के लिए हरियाणा-पंजाब सीमा के टटियाना बॉर्डर पर दूसरे दिन भी पहरा बरकरार रहा। यहां पर हरियाणा पुलिस के जवान को तैनात किया गया है। हालांकि बॉर्डर पर दूसरे दिन भी किसानों की किसी तरह की कोई हलचल न होने पर रास्ते को बंद नहीं किया है, लेकिन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसान पैदल ही दिल्ली कूच करने का ऐलान कर चुके हैं। पैदल जाने वाले किसानों को भी दिल्ली में आंदोलन करने की अनुमति फिलहाल नहीं मिली है। टटियाना बॉर्डर पर भी हालत फिलहाल सामान्य ही दिखाई दे रहे हैं। दोनों तरफ से वाहनों का आगमन शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। किसान आंदोलन के दृष्टिगत कानून व्यवस्था के संबंध में कैथल पंजाब बॉर्डर स्थित टटियाना नाका का शनिवार को एसपी राजेश कालिया ने निरीक्षण किया। एसपी राजेश कालिया ने टटियाना नाका पर जांच करते हुए वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मचारी व अधिकारी निष्ठा पूर्वक कर्तव्य पालना करते हुए सुदृढ कानून-व्यवस्था कायम रखेंगें।

### मुजफ्फरनगर और आगरा से एक्सपायर दवाओं का ऐसे चल रहा खेल

**सहारनपुर, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** आवास विकास के फ्लैट में बिना पंजीकरण के चल रहे गोदाम में एक्सपायर हो चुकी दवाओं पर ब्रांडेड कंपनियों के रेपर लगाकर बेचा जा रहा था। इन दवाओं की सप्लाई अप्रशिक्षित चिकित्सकों के यहां होती थी। इसके अलावा कुछ मेडिकल स्टोरों पर भी पहुंचाई जाती थी। दवाइयों को आगरा व मुजफ्फरनगर से लाया जाता था। औषधि विभाग की मंडलीय टीम ने करीब सात लाख रुपये का माल बरामद किया है, जिनमें दवाई, यूपीएस, कार्डिंग मशीन, ड्रम्स, कॉर्टन, भरी व खाली शीशियां, लेबल शामिल हैं। चार दवाइयों के नमूने लिए गए। एक दवा का नमूना गय्यूर अहमद के फ्लैट से लिया गया है, जबकि तीन दवाओं के नमूने बेहट रोड पर सुपर मार्केट में जीए फार्मा दुकान से हुए। जीए फार्मा भी गय्यूर अहमद की है। टीम ने मशीन व अन्य सामान को सीज कर दिया है। दवाइयों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। पता यह भी चला है कि दवाइयां शहर से नहीं, बल्कि दूसरे आसपास जिलों के अलावा आगरा से भी लाई जा रही थी। हालांकि अभी किसी का नाम सामने नहीं आया है। औषधि विभाग जांच में जुटा है। औषधि विभाग की जांच में सामने आया कि जो दवाइयां फ्लैट से मिली हैं, वह एंटी बायोटिक और दर्द निवारक थीं। ढाई बोरे में दवाइयां कम मिलीं, जबकि ब्रांडेड कंपनियों के रेपर अधिक थे। एक्सपायरी दवाइयों पर सन फार्मा, इंटास दवा कंपनी के रेपर लगाए जा रहे थे। औषधि विभाग की मंडलीय टीम ने गय्यूर अहमद की बेहट रोड स्थित सुपर मार्केट में दुकान पर भी छापा मारा। यहां से भी दवाइयों की रिकॉर्ड खंगाला। दवाइयों पर एक्सपायरी चेक की व 3 दवाइयों के नमूने लिए।

किसान आई हॉस्पिटल

डॉ. गालिब हसन

M.B.B.S., D.O., M.S.

फीस 50/- रुपये मात्र

नेत्र रोग विशेषज्ञ व सर्जन

(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)

M: 9897190592



सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाएंगे।

मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द किया जायेगा।

मात्र 4000/- से शुरू

पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## अखिलेश, राहुल और मायावती

अखिलेश यादव और राहुल गांधी में कई बातों को लेकर खींचतान सी चल रही है। संसद सीटिंग अरेंजमेंट को लेकर तनातनी चल रही है और संभल मुद्दे को लेकर मुद्दे छीनों प्रतियोगिता चल रही है। सपा सांसद, संसद में सीटिंग अरेंजमेंट पर भी मुँह फुलाए हुए है। मायावती ने अखिलेश और राहुल को आड़े हाथों लिया है। 18वीं लोकसभा के लिए बैठने की व्यवस्था में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी पहली पंक्ति की प्रमुख सीट पर ही बैठेंगे। उनके सामने आठवें ब्लॉक में राहुल गांधी सीट नंबर 498 पर बैठे दिखेंगे। कांग्रेस ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है और राहुल के बगल में सीट नंबर 497 पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल को दी है, जबकि अखिलेश यादव को सीट नंबर 355 आवंटित की गई है। लोकसभा में सीटिंग अरेंजमेंट को लेकर इंडिया ब्लॉक में दरार देखने को मिल रही है। अब अखिलेश यादव के तेवरों ने भी यह जाहिर कर दिया है कि वो कांग्रेस से खफा हैं। नाराजगी की खबरों पर अखिलेश का कहना है कि मैं कांग्रेस से नाराज नहीं हूं, लेकिन जो लोग पार्लियामेंट में सीटिंग अरेंजमेंट करते हैं, उनको यह ध्यान रखना चाहिए कि बीजेपी हम गठबंधन के लोगों को लड़ाने का काम करेगी। बीजेपी नहीं चाहती है कि इंडिया गठबंधन के लोग एकजुट हों। सीटिंग अरेंजमेंट कोई बहुत बड़ा इशू नहीं है। हम जब चाहें, तब सॉल्व कर लेंगे। इससे पहले डिंपल यादव का बयान आया। उन्होंने कहा कि सीटिंग अरेंजमेंट का मामला स्पीकर के समक्ष उठाया है। हमने स्पीकर से इस पर विचार करने और आगे की पंक्ति में एक और सीट देने के लिए कहा है। हमें पूरा भरोसा है कि वो हमारी बात सुनेंगे, जब सदन की शुरूआत हुई, तो सपा को अलग देखा गया। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस नेताओं के विरोध-प्रदर्शन में कोई भी सपा सांसद शामिल नहीं हुआ। लोकसभा में 'रूल्स ऑफ प्रोसीजर ऑफ बिजनेस' के रूल 4 के तहत संसद सदस्यों के बैठने की व्यवस्था की जाती है। रूलबुक के अनुसार ही स्पीकर सीटें तय करते हैं। हालांकि, स्पीकर रूलबुक से अलग जाकर बैठक व्यवस्था में बदलाव नहीं कर सकते हैं। सीटिंग अरेंजमेंट के लिए एक फॉर्मूला भी तय किया गया है। पहले पार्टी के सांसदों की संख्या देखी जाती है, उसके बाद बैठक क्षमता के आधार पर सीटें आवंटित की जाती हैं। लोकसभा में कुल 543 सदस्य हैं। लोकसभा की बैठक व्यवस्था को 8 ब्लॉक में बांटा गया। पहली पंक्ति में कुल 20 सीटें हैं, जबकि एक ब्लॉक में पीछे 12 पंक्तियां हैं और एक पंक्ति में छह लोग बैठ सकते हैं। सभी ब्लॉक की पहली पंक्ति में जो 20 सीटें हैं, उनमें 11 एनडीए को मिली हैं और 9 इंडिया ब्लॉक के हिस्से आई हैं। बीजेपी की 8 और कांग्रेस की 4 सीटें हैं। नियम के मुताबिक पार्टी में सांसदों की संख्या को पंक्ति में मौजूद कुल सीटों से मल्टीप्लाई किया जाता है और फिर उसे सदन में कुल सांसदों की संख्या से डिवाइड कर दिया जाता है। अब तक 8वें ब्लॉक की पहली पंक्ति में राहुल गांधी के बगल में अखिलेश यादव और अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद बैठते थे। दो अन्य सांसदों को भी जगह दी गई थी, लेकिन हाल ही में सीटिंग व्यवस्था में बदलाव के बाद सपा सांसदों को छठे ब्लॉक में सीटें आवंटित की गई हैं। संसद में सत्तारूढ़ पार्टी और उसके गठबंधन में सहयोगी दलों के सांसद स्पीकर के दाएं तरफ बैठते हैं। स्पीकर के बाएं तरफ नेता विपक्ष और उनकी पार्टी और उनके सहयोगी दलों के सांसदों के बैठने की व्यवस्था की जाती है। पहले ब्लॉक में पहली पंक्ति की पहली सीट प्रधानमन्त्री की होती है, जबकि आठवें ब्लॉक में पहली पंक्ति की पहली सीट नेता विपक्ष की फिक्स होती है। ये सीट प्रधानमन्त्री के सामने होती है। यानी सदन में पहला और आठवां ब्लॉक सबसे अहम माना जाता है। दोनों ब्लॉक के ठीक बगल में ऊपर स्पीकर की चेयर होती है। पहले ब्लॉक में नेता सदन और आठवें ब्लॉक में नेता विपक्ष दोनों आमने-सामने होते हैं और अपने पक्ष रखते हैं और एक-दूसरे को ध्यानपूर्वक सुनते हैं। मायावती ने राहुल और अखिलेश दोनों को संसद में व्यवधान के लिए आड़े हाथों लिया है। उन्होंने संभल पर इन दोनों के बीच चल रही तुष्टिकरण प्रतियोगिता पर भी कटाक्ष किया है। मायावती ने जो कहा है, उसका खूब चर्चा हो रहा है। मायावती ने बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को घेरा है। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस पार्टी चुप हैं, अब केवल मुस्लिम वोट के लिए संभल-संभल चिल्ला रहे हैं। इस मामले में कांग्रेस, सपा और उसके समर्थक एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। संसद में देश और जनहित के मुद्दे न उठाने पर मायावती ने दोनों को घेरा है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश के दलितों को भारत लाना चाहिए। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमले का जिक्र करते हुए मायावती ने कहा कि वहां जो हिन्दू जुल्म का शिकार हो रहे हैं, उनमें ज्यादातर लोग दलित और कमजोर तबके के हैं। मायावती ने इस बात पर भी जोर दिया था कि राजनीतिक सशक्तीकरण के संघर्ष में दलित और आंबेडकरवादी समुदायों को एकजुट होने की आश्यकता है। मायावती ने प्रदेश की योगी सरकार पर धार्मिक एजेंडे को संवैधानिक जिम्मेदारियों से अधिक प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार की तरह ही वर्तमान में बीजेपी की गरीब-विरोधी और पूंजीपतियों के हितों का समर्थन करने वाली नीतियों के खिलाफ लोगों में गुस्सा है। इनसे ध्यान भटकाने के लिए यह पार्टी जातिवादी, सांप्रदायिक और संकीर्ण हथकंडे अपनाती है। मायावती ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं को लेकर पूछा कि कांग्रेस और सपा इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? ये दोनों दल सिर्फ मुस्लिम वोटरों को साधने के लिए सिर्फ संभल हिंसा की बात कर रहे हैं और मुस्लिम समाज को लड़वा रहे हैं। इन्हें बाकी मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस मुस्लिम समाज को भी तुर्क और नॉन तुर्क को आपस में लड़ा रही है। उन्होंने मुस्लिमों को नसीहत दी है कि इनसे सावधान रहें। मायावती ने कहा कि इससे भी ज्यादा दुख की बात ये है कि जिनकी बदौलत संसद में दलित वर्ग के सांसद पहुंचे हैं, वो भी अपनी-अपनी पार्टियों के आकाओं को खुश करने के लिए दलित उत्पीड़न के मुद्दे पर चुप्पी साधकर बैठ गए हैं। चाहे वो दलितों के उत्पीड़न का मामला अपने देश का या बांग्लादेश का हो।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"बुराई" "अक़्ल" "अपराधी" "लालची"

दिल की सुनने में बुराई कुछ नहीं लेकिन कभी,
आदमी को अक़्ल से भी काम लेना चाहिए।
फ्रॉड, अपराधी, जुआरी, लालची, इनके सिवा,
कोई भी मुश्किल में हो तो साथ देना चाहिए।

तृतीय पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती गायत्री देवी
15 जुलाई 1931-08 दिसम्बर 2021

डॉ. सुरेश-सरोज (पुत्र-पुत्रवधू)
अशोक-शरद (पुत्र-पुत्रवधू)
मधु-सुभाष गुप्ता (पुत्री-दामाद)
मंजू-प्रदीप अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
अनुराग-नमिता (पौत्र-पौत्रवधू)
अम्बुज-शानू (पौत्र-पौत्रवधू)
शशांक-रति (पौत्र-पौत्रवधू)
पुलकित-रिदिमा (पौत्र-पौत्रवधू)
प्रार्थना-शिल्पी अग्रवाल
प्रियंका-गोकुल सिंह
खुशबू-निकुंज पोद्दार
(पौत्री-पौत्री दामाद)
निहारिका, आन्या (पड़पौत्री)
वृन्दा, अराध्या, मिष्का (पड़पौत्री)
अभय, अक्षज (पड़पौत्र)

• ज्ञानीराम सुरेशचन्द
• विनोद एण्ड कम्पनी
(नवीन मण्डी स्थल, मुजफ्फरनगर)
• फ्रैंड्ज ऑटोटेक प्रा. लि.
(रॉयल एनफील्ड)
• श्री बालाजी पेपर्स
• ज्ञानीराम अशोक कुमार एंड संस
(12-बी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर)
• रति एण्ड एसोसिएट्स (सी.ए.)
(मेरठ कैंट)

3-डी, वकील रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
मो. 9837211958 (डॉ. सुरेश), 9837035734 (अशोक)

## वॉलमार्ट की वेबसाइट पर हिंदू देवता की तस्वीर पर बवाल; विरोध के बाद कंपनी ने मांगी माफी

**वाशिंगटन, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** अमेरिका में वॉलमार्ट की वेबसाइट पर भगवान गणेश की तस्वीरें लगाकर पैंट, चप्पल और स्विम सूट बेचने पर बवाल मच गया है। अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय (हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन) ने इसका विरोध किया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने धार्मिक भावनाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए वॉलमार्ट को इन उत्पादों की बिक्री पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। फाउंडेशन के सदस्य प्रेम कुमार राज के अनुसार वॉलमार्ट की वेबसाइट पर ये प्रोडक्ट चैप्स नाम की कंपनी बेच रही थी। उन्होंने वॉलमार्ट को पत्र लिखकर बताया कि भगवान गणेश की छवि का अनुचित और अपमानजनक तरीके से इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को दुनिया भर में एक अरब से अधिक अनुयायी विघ्नहर्ता (कष्ट दूर करने वाले) के रूप में पूजते हैं। उनकी फोटो का इस प्रकार चप्पलों और अंडर वियर पर उपयोग धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। फाउंडेशन ने कहा कि यदि किसी को कारोबार के लिए हिंदू देवताओं की छवि का उपयोग करना है, तो इसके लिए फाउंडेशन बातचीत करने और इस बारे में बनाई गाइडलाइंस की जानकारी देने के लिए तैयार है। अमेरिकी हिंदुओं द्वारा व्यापक विरोध के बाद कंपनी ने खेद जताते हुए उत्पादों को ऑनलाइन बिक्री से हटा लिया। वॉलमार्ट ने भी माना कि यह वाकई धार्मिक भावनाओं और भरोसे को आहत करने वाला है। वॉलमार्ट ने आगे कहा कि हम समझते हैं कि इस समय आप कैसा महसूस कर रहे होंगे, क्योंकि अगर हम आपकी स्थिति में होते, तो हमें भी ऐसा ही महसूस होता। वॉलमार्ट ने भरोसा दिलाया कि वह विवादित उत्पाद बेचने वाली कंपनी से बात कर रहे हैं। इस के बाद कंपनी ने 48 घंटे के भीतर सारे उत्पाद को हटा लिया। जिस पर हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने वॉलमार्ट का धन्यवाद किया। विवादित उत्पाद खरीदारी के लिए अमेरिका में ही उपलब्ध थे।



## हिन्दू उत्पीड़न के खिलाफ होगा आज प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बुस.)।** शनिवार को संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक विश्वदीप गोयल बिट्टू के निवास पर संपन्न हुई। मीटिंग का मुख्य मुद्दा कल (आज) दोपहर 1:30 बजे टाउन हॉल के मैदान में हिंदू संगठनों के द्वारा एक धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बांग्लादेश के अंदर हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में हम सभी को हिंदुओं की आवाज बुलंद करनी है। बैठक में कहा गया कि हमारा सभी व्यापारी समाज के लोगों से निवेदन है कि कल (आज) अपना 1:00 बजे से 3:00 तक का आवश्यक समय निकालकर टाउन हॉल पर पहुंचकर हिंदुओं की आवाज को बुलंद करें। हिंदुओं पर अत्याचार किसी कीमत पर भी बर्दाश्त नहीं होगा। इस मीटिंग में अध्यक्ष संजय मित्तल, अशोक कंसल, अशोक बाटला, प्रमोद मित्तल, महामंत्री सुभाष चौहान, संयोजक विश्वदीप बिट्टू, संयोजक निशंक जैन, संयोजक सदस्य गोपाल मित्तल, अजय सिंघल, प्रमोटर दीपक शर्मा, रामपाल जी व महामंत्री प्रमाद मित्तल के साथ में हिंदू संगठनों को सहयोग करना है। (आज) कल के इस धरना-प्रदर्शन में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल का पूर्ण सहयोग हिंदू संगठनों के साथ है।

## हॉकियों से हमला कर कैफे कर्मचारी को घायल किया

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के वहलना बाईपास के पास से तीन बाइकों पर आये नकाबपोश हमलावरों ने कैफे कर्मचारी पर हॉकियों से हमला कर उसे घायल कर दिया। गांव लछेड़ा का रहने वाला संदीप नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के अवध विहार स्थित एक कैफे पर काम करता है।

रात्रि में काम खत्म करने के बाद वह बाइक पर अपने घर जा रहा था, तभी वहलना बाइपास से शामली बाइपास के समीप जाते समय तीन बाइक सवार हमलावरों ने उससे गाली गलौच की और जबरदस्ती रोक लिया। हमलावरों ने रोकते ही गाली गलौच के बाद उस पर बेल्ट और हॉकी से हमला किया, जिसमें संदीप की हाथ की हड्डी टूट गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



## मंत्री ने किया संत निरंकारी समागम स्थल का निरीक्षण

### - जीआईसी मैदान में रविवार को होगा विशाल संत समागम -

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** रविवार यानि आज होने वाले संत निरंकारी समागम स्थल पर पहुंचकर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सेवादारों से सभी तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। रविवार को नगर के महावीर चौक स्थित जीआईसी मैदान में सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की उपस्थिति में एक विशाल संत समागम का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देशभर से करीब दस हजार श्रद्धालु भाग लेंगे। इस विशाल समागम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए नगर विधायक एवं व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमशीलता विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल शनिवार को समागम स्थल पर पहुंचे। राज्य मंत्री कपिल देव ने कहा कि ऐसे संत समागम वास्तव में देश को एकजुट होकर राष्ट्र की उन्नति व विकास की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि साधु-संतों, गुरूओं की शिक्षा हमारे सामाजिक जीवन को एक नई दिशा प्रदान करते हैं और हमें सद्भाव, शांति व विकास के पथ पर चलने को प्रेरित करते हैं। इस दौरान सेवादल सदस्य इंचार्ज एसके जुनेजा, जोनल इंचार्ज कुल भूषण, क्षेत्रीय संचालक संजीव कुमार, जिला संयोजक हरीश अरोरा,



संचालक नवीन कुमार, शिक्षक दीपक त्यागी, कपिल त्यागी, ब्रह्मपाल सिंह, अनुपम त्यागी, अरविंद कुमार चौधरी, आशीष कुमार, सोनू, धन प्रकाश, कंवर पाल, सत्यपाल आदि मौजूद रहे।

## थमा नहीं ड्यूटी पर गैर हाजिर रहने का क्रम, जताई नाराजगी

### - एक दिन का वेतन काटने के दिए एनएसए को सख्त निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** नगर क्षेत्र की बेपटरी रही सफाई व्यवस्था को सुधारने की खातिर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप शनिवार में एक बार फिर पालिका अफसरों के साथ लोगों के बीच पहुंची। इस बीच उन्होंने पैदल भ्रमण करते हुए कई स्थानों पर पहुंचकर, सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से बार्ता की। इस बीच ड्यूटी से गैरहाजिर मिले सफाई कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। पालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा शहरी सफाई व्यवस्था को सुचारू और दुरूस्त करने के लिए लगातार वार्डों का निरीक्षण करने व कराने में जुटी है। शनिवार को वो एक बार फिर पालिका सभासदों और अफसरों के साथ शहर में सफाई व्यवस्था का हाल जानने के लिए निकली। उन्होंने वार्ड 36 के नई मंडी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस बीच यहां वो चौड़ी गली, पीठ बाजार, रेलवे स्टेशन वाली सड़क, जानसठ पुल के नीचे आदि स्थानों पर भ्रमण के लिए पहुंची। उन्होंने यहां पर सफाई नायक को तलब करते हुए सफाई कर्मियों की हाजिरी भी जांची। इस बीच वार्ड में 39 कर्मियों में से कुछ सफाई कर्मी नदारद मिले, इसको लेकर सफाई नायक को उन्होंने निर्देश दिये कि वार्ड में सुबह व शाम दोनों समय ड्यूटी पर सभी कर्मचारी उपस्थित रहकर कार्य करें। साथ ही उन्होंने पालिका नगर स्वास्थ्य अधिकारी को ड्यूटी से गायब कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। हालांकि तमाम प्रयासों के बाद भी पालिका में गैरजिम्मेदारी का बढ़ा चलन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रहे क्षेत्र के निरीक्षण और वेतन रोके जाने की कार्रवाई के बाद गैर हाजिर रहने का सिलसिला अभी भी जारी है।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ सभासद रितु त्यागी, ममता बालियान, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, एनएसए डॉ. अतुल कुमार, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल व अन्य लोग मौजूद रहे।



## सफाई कर्मचारी संघ ने सौंपा ईओ को शिकायती-पत्र

### - समस्या निदान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी-

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** सफाई कर्मचारी संघ नगर पालिका परिषद की इकाई ने बीते कई दिनों से जारी सफाई नायकों व कर्मचारियों के उत्पीड़न के विरुद्ध पालिका प्रशासन से दो-दो हाथ करने का ऐलान किया है। नगर पालिका चेयरपर्सन और ईओ के नाम सौंपे गए 8 सूत्रीय शिकायती पत्र में समस्याओं का चार दिन में समाधान न करने की स्थिति में मोर्चा खोलने का ऐलान किया है और शनिवार को सफाई कर्मचारी संघ नगरपालिका परिषद इकाई के महामंत्री मिलन कुमार के नेतृत्व में ईओ पालिका से मिले तथा उन्हें बताया कि सफाई कर्मचारियों का वार्डों के निरीक्षण के नाम पर जो उत्पीड़न किया जा रहा है, वो गलत है। इसके साथ सफाई नायक बिजेंद्र को उनके मूल पद पर भेजने के निर्णय पर भी उनके द्वारा असंतोष जताया गया। साथ ही सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव कराने और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन भुगतान आदि समस्याओं के निदान व अन्य मुद्दों पर सकारात्मक पहल किए जाने की मांग की। इसके साथ पालिका में सभासदों के परिवार का दखल सफाई व्यवस्था में होने के आरोप लगाते हुए पालिका प्रशासन की ओर से जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र की जांच में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दी जा रही प्रक्रिया को अविलंब दुरूस्त कराए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से राजू वैद, पाल्हेराम, राजेश, सोनू पाहिवाल, चमन लाल ढिंगान, पवन कुमार, सुनील, जीवन, अजीत कुमार, जितेन्द्र, अतुल आदि मौजूद रहे।

## हाइड्रो इलेक्ट्रिक इंप्लाइज यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष का रेलवे स्टेशन पर स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** विद्युत विभाग उत्तर प्रदेश के तमाम विद्युत अधिकारियों एवं विद्युत कर्मियों को न्याय दिलाने के लिए उनकी उचित समस्याओं को निस्तारण एवं निदान करने में कई दशकों से संघर्ष कर रहे प्रांतीय नेता रामनिवास त्यागी को हाइड्रो इलेक्ट्रिक इंप्लाइज यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद प्रथम बार मुजफ्फरनगर आगमन पर विद्युत कर्मियों ने रेलवे स्टेशन पर पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया। प्रांतीय अध्यक्ष रामनिवास त्यागी ने कहा कि आज यह पद बीते 48 वर्षो के अथक परिश्रम का परिणाम है। इस चुनौती पूर्ण उत्तरदायित्व को अपने संकल्प के साथ ही विद्युत विभाग के कर्मियों व सामाजिक जीवन के मित्रों के प्रेम और सहयोग से उत्तरदायित्व को निभाने में ईश्वर से मदद मांगता हूं। उन्होंने कहा कि कई दशकों से वे विद्युत कर्मियों एवं अफसरों की मांगों के समर्थन में उन्हें न्याय दिलाने को संघर्ष कर रहे हैं एवं अब उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, जिसका निर्वहन पूरी ताकत लगाकर करेंगे, ताकि यूपी के अधिकारी-कर्मचारियों को न्याय मिल सके और पीड़ित की सहायता हो सके। बता दें, रामनिवास त्यागी को हाइड्रोइलेक्ट्रिक इंप्लाइज यूनियन उत्तर प्रदेश का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है, जो मुजफ्फरनगर जनपद ही नहीं प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इस दौरान विद्युत विभाग से जुड़े प्रवीण कुमार, शिवकुमार, राकेश कटारिया, ज्ञानेश त्यागी, रमनजीत, गौरव कौशिक, आशीष शर्मा, सुबोध शर्मा, सौरभ कुमार आदि के अलावा क्षेत्रीय अध्यक्ष विद्युत वितरण क्षेत्र मुजफ्फरनगर अजय त्यागी मौजूद रहे।



## कम गन्ना इंडेंट आने से नाराज किसान नेता ने अधिकारियों से की शिकायत

**चरथावल, 07 दिसम्बर (बु.)।** ग्राम चौकड़ा में देवबंद शुगर मिल द्वारा कम इंडेंट जारी करने से नाराज किसानों ने किसान नेता काला प्रधान के नेतृत्व में दूरभाष पर अधिकारियों से शिकायत करते हुए इंडेंट बढ़ाई जाने की मांग की। आला अधिकारियों ने मौके पर जोन इंचार्ज को भेज कर किसानों की समस्या का समाधान कराया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम चौकड़ा में देवबंद शुगर मिल द्वारा कम इंडेंट भेजे जाने के कारण किसानों को भारी परेशानी हो रही है। इस मामले को भाकियू अराजनैतिक के नेता काला प्रधान चौकड़ा ने देवबंद मिल के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की। अधिकारियों ने जोनल इंचार्ज दुर्गेश तोमर को मौके पर भेजा और किसानों को आश्वासन दिया कि इंडेंट 600 कुंतल से बढ़ाकर 1000 कुंतल कर दिया गया है। इस मौके पर किसान मुर्तजा त्यागी, बिलाल त्यागी, वेद प्रकाश त्यागी, साधुराम त्यागी, विनय त्यागी आदि किसान उपस्थित रहे।

## जनसंख्या आधार पर हो यूपी का चार भागों में बंटवारा: मांडी

### - टोल प्लाजा के शिकंजे से मुक्ति को 11 को धरना प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** नवराज्य निर्माण महासंघ के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपाल मांडी ने मीडिया से वार्ता करते हुए वेस्ट यूपी समेत उत्तर प्रदेश को चार प्रांतों में विभाजित किए जाने की मांग की। उन्होंने 11 दिसम्बर को होने वाले धरना प्रदर्शन के बूते सरकार को इस ओर ध्यान दिलाने की बात की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जनसंख्या के आधार पर प्रदेश को चार भागों में बांटने के साथ वेस्ट यूपी को दिल्ली में शामिल किए जाने की मांग की। शनिवार को रुड़की रोड स्थित रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नवराज्य निर्माण महासंघ के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपाल मांडी ने कहा कि वेस्ट यूपी को दिल्ली एनसीआर से जोड़ने का यहां की जनता को कोई लाभ होने के बजाए नुकसान ही उठाना पड़ा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि या तो यहां एनसीआर शर्तो को लागू किया जाए, अन्यथा इस क्षेत्र को एनसीआर से बाहर कर दिया जाए। उन्होंने जनपद में चारों ओर सड़कों के बिछाए जाल का जिक्र करते हुए सरकार से टोल प्लाजा से मुक्त कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर टोल के शिकंजे में है, जहां चारों ओर टोल टैक्स की वजह से लोग बेहाल हैं। ऐसे में मुजफ्फरनगर के लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए टोल मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 11 दिसम्बर को अपनी इन्हीं जनसमस्याओं को लेकर कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन के माध्यम सरकार को नींद से जगाने का काम किया जाएगा। इस दौरान शिवकुमार पंवार को नवराज्य निर्माण महासंघ का यूपी में वरिष्ठ महामंत्री व चन्द्रवीर सिंह एडवोकेट को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रेसवार्ता में धर्मवीर सिंह बालियान, विपिन शर्मा, बिजेन्द्र सिंह, बिल्लू चौधरी आदि मौजूद रहे।



## मां कालीधाम का वार्षिकोत्सव शुरू

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बुस.)।** आज मां काली धाम पुरकाजी में सात दिवसीय वार्षिक महोत्सव पूरे विधि विधान से प्रारंभ हुआ, जिसमें ध्वजारोहण कलश यात्रा, सर्वो भद्र मंडल विधि-पूजन के साथ मां काली धाम का सोलहवां वार्षिक महोत्सव प्रारंभ हुआ। सीताराम त्रिपाठी कथा वाचक चित्रकूट के आज के मुख्य अतिथि स्वदेश गुप्ता-पुष्पा गुप्ता मेरठ ने कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। 09 दिसंबर से 14 दिसंबर तक 108 घंटे अखंड महायज्ञ प्रारंभ होगा। 14 दिसंबर को 108 कन्या पूजन, वस्त्र वितरण सुबह व विशाल भंडारे के साथ पूर्णाहुति दी जाएगी, जिसमें ललिता प्रसाद, अखिलेश, कथा वाचक अंकित शास्त्री व मां काली धाम मंदिर के प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में चल रहे युग को कलयुग बोला जाता है, परंतु यह काली युग चल रहा है। काली की पूजा से सभी काम का निवारण व घर में सुख शांति बनी रहेगी। 14 दिसंबर को 12:00 बजे पूर्णाहुति व विशाल भंडारे का आयोजन होगा। अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं।

## रामाशीष की पुण्यतिथि पर अटेवा ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा के तत्वावधान में शहीद डॉ. रामाशीष की पुण्य स्मृति में सनातन धर्म इंटर कॉलेज में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। लखनऊ में अटेवा द्वारा किए गए प्रदेशव्यापी आंदोलन के दौरान डॉ. रामाशीष ने पुरानी पेंशन की बहाली के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। अपने जुझारू साथी को याद करते हुए उनको पुष्प अर्पित कर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों व अन्य विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा के जिलाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन पाना हमारा हक है और हम इसे लेकर रहेंगे।

सरकार कभी एनपीएस और कभी यूपीएस लाकर शिक्षकों-कर्मियों को भ्रमित कर रही है। एनपीएस व यूपीएस नहीं चाहिए उन्हें केवल और केवल पुरानी पेंशन चाहिए, जब एक देश में एक विधान की बात की जा रही है तब एक ही संविधान के अंतर्गत सबको अलग-अलग पेंशन क्यों? उन्होंने कहा कि सीमाओं पर जवान, अर्द्धसैनिक बल, शिक्षक व कर्मी अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय सरकार व देश की सेवा में लगा देते हैं तो उन्हें बुढ़ापे में बाजार आधारित व्यवस्था में छोड़ना उचित नहीं है। इस दौरान रमेश चंद, यशपाल अरोरा, मनोज कुमार, डॉ. दीपक गर्ग, सुनील पंवार, प्रशांत शर्मा, संगीता जावला, प्रियंका शर्मा, प्रियंक कुमार, रोशन लाल, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, राकेश पासी, डॉ. दिनेश यादव, प्रियंका शर्मा, पुष्पेंद्र चौधरी, दिवाकर शर्मा, महेंद्र सैनी, प्रदीप नागर आदि उपस्थित रहे।



आवश्यकता है
सैनेट्री की दुकान पर कम्प्यूटर के कार्य हेतु एक लड़के की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें-
संगम बाथ पैलेस
90-B, वकील रोड, नई मण्डी
M.9358911194

JOB VACANCY
STAFF REQUIRED
EDUCATED SALESMAN
-:Contact:-
SPARKLES
GF 2-3, ASJ Grand Plaza Mall, Bhopa Road, Muzaffarnagar
M:9219400017

## खान सर की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**पटना, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** बिहार के मशहूर कोचिंग पढ़ाने वाले खान सर की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें डिहाइड्रेशन और बुखार के कारण प्रभात मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना बीपीएससी अभ्यर्थियों के आंदोलन में शामिल होने और उनके ट्विटर हैंडल से फर्जी पोस्ट को लेकर दर्ज हुई शिकायत के बाद हुई है। खान सर 6 दिसंबर को 70वीं बीपीएससी परीक्षा के नियमों में बदलाव के विरोध में छात्रों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। खान सर ने शुक्रवार को बीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इसके अगले दिन यानि आज शनिवार को खान ग्लोबल स्टडी के ट्विटर हैंडल से फर्जी पोस्ट करने और छात्रों को गुमराह करने के आरोप में खान सर के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। हालांकि पुलिस ने खान सर की गिरफ्तारी की बात को अफवाह बताते हुए ऐसी खबर चलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।



## सिद्धू मूसेवाला की बायोग्राफी लिखने वाले के खिलाफ एफआईआर

**चंडीगढ़, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** दिवगंत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला और उसके परिवार की जानकारी को अपनी किताब में गलत तथ्य पेश करने वाले एक लेखक खिलाफ थाना सदर मानसा की पुलिस ने सिद्धू मूसे वाला के पिता बलकौर सिंह की शिकायत परमामला दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में सिद्धू के पिता बलकौर सिंह ने बताया कि मनजिंदर सिंह उर्फ मनजिंदर माखा की ओर से तैयार की गई किताब रियल रीजन बाय लीजेंड डाइड में उनके परिवार और उनके बेटे सिद्धू मूसे वाला के बारे में गलत तथ्य पेश किए गए हैं।

## मुस्लिम वोट के लिए संभल-संभल चिल्ला रही सपा-कांग्रेस, बांग्लादेश में दलित अत्याचार पर चुप: मायावती

**लखनऊ, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने मीडिया को संबोधित किया। कहा कि इस समय संसद चल रहा है। संसद में विपक्ष देश व यहां जनहित के मुद्दे ना उठाकर अपने राजनैतिक स्वार्थ में संभल में हुई हिंसा की आड़ ले रहा है। खासकर सपा व कांग्रेस पार्टी मुस्लिम वोटों को रिझाने में लगी है। इतना ही नहीं ये पार्टियां मुस्लिम समाज को भी (तुर्क व नॉन तुर्क) वहां आपस में लड़ा रही हैं। इससे मुस्लिम समाज को भी सतर्क रहना है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि जिन लोगों की वजह से संसद में दलित वर्ग के सांसद पहुंचे हैं। वह अपनी-अपनी पार्टियों के आकाओं को खुश करने के लिए दलित उत्पीड़न के मुद्दों पर चुप बैठे हैं। कतहा कि चाहे दलितों के उत्पीड़न का मामला अपने देश का हो या फिर बंगलादेश का। बांग्लादेश में सभी वर्गों के हिंदू लोग जुल्म-ज्यादती का शिकार हो रहे हैं। इसमें ज्यादातर वो दलित हैं, जिनकी भारत देश में बाहुल्यता है। इसके बाद भी बंटवारे में जबरन उनको बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को संविधान सभा में चुनकर भेजने की सजा के तौर पर पाकिस्तान को दे दिया गया था। बाबा साहेब संविधान सभा में बंगाल के जिस जयसोर-खुलना क्षेत्र से चुनकर आए, तो उसे हिंदू बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद भी, षडयंत्र के तहत पहले पाकिस्तान के हवाले कर दिया। अब बांग्लादेश में है। इससे बाबा साहेब इस्तीफा देकर भारत वापस आ गए। यह सब जातिवादी खेल कांग्रेस पार्टी का था। अब वहां दलितों का शोषण हो रहा है तो मुख्य विपक्षी पार्टी इस पर चुप है। केवल मुस्लिम वोट के लिए संभल-संभल चिल्ला रही है। इस मामले में कांग्रेस, सपा व इनके समर्थक दल एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। उन्होंने मांग की है कि भाजपा व उनके नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार अपनी जिम्मेवारी को आगे बढ़चढ़ के निभाए। ताकि सबसे ज्यादा शोषण का शिकार हो रहे दलित व अन्य लोगों को राहत मिले। भाजपा को वहां की सरकार से बात करके भारत वापस लाया जाए। अन्यथा दलितों के मामले में कांग्रेस व बीजेपी में हमारी पार्टी कोई अंतर नहीं समझेगी। भारत की तरफ से उन सबकी सुरक्षा व उन्हें हर प्रकार से संरक्षण देना जरूरी है।



## रात का खाना खाने के बाद छात्राओं की हालत बिगड़ी, एक की मौत से हड़कम्प

**जालौन, 07 दिसम्बर (एजेंसी)।** जालौन में कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं की उस समय हालत बिगड़ने लगी, जब खाना खाकर सो गई थीं। विद्यालय में तैनात कर्मचारियों ने उन्हें दवा देकर आराम करने के लिए कहा, लेकिन सुबह फिर से छात्राओं की तबियत अचानक खराब हो गई और उन्हें ले जाकर पास के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां पर एक छात्रा की हालत नाजुक होने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां पर उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना लगते ही कस्तूरबा में हड़कंप मच गया और कर्मचारी इधर-उधर भागते हुए नजर आए, वहीं खबर लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जालौन के एट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिंडारी में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में छाया पुत्री मुलायम सिंह अहिरबार (13) संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। बताया रहा है कि वह कक्षा छह छात्रा थी। पिछले वर्ष विद्यालय में दाखिला लिया था। उसका पैतृक गांव भरसूड़ा है। शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद कई छात्राओं की तबीयत अचानक खराब हो गई, जहां रात में उनको दवा देकर आराम करने के लिए कहा गया। छाया की सुबह होकर फिर से तबीयत खराब हो गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत खराब होने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। कुछ लोगों का कहना है कि छात्रा कुछ दिनों से बीमार चल रही थी, जिसमें स्टॉफ की लापरवाही की वजह से उसकी मौत हो गई। लोगों को कहना है कि 11 से 12 लोगों का स्टॉफ है रात्रि में कोई रुकता नहीं। बच्चों को छोड़कर सब चले जाते हैं, जब छाया की हालत सीरियस हो गई, तब विद्यालय की प्राचार्य सुषमा स्वर्णकार और सहयोगी पीएससी पिंडारी में गए, जहां पर डॉक्टर ने हालत नाजुक देखकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## किसान नेता सहित किसानों को किया गया हाउस अरेस्ट

**चरथावल, 07 दिसम्बर (बु.)।** ग्राम कुटेसरा में भारतीय किसान यूनियन किसान योद्धा के राष्ट्रीय प्रभारी शाहबाज त्यागी के किसानों के साथ दिल्ली कूच की सूचना व किसानों के एकत्रित होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान नेता सहित किसानों को आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया, वहीं पुलिस तैनात कर दी गई। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम कुटेसरा में भारतीय किसान यूनियन योद्धा के राष्ट्रीय प्रभारी शाहबाज त्यागी के नेतृत्व में किसानों के गांव में दिल्ली कूच होने के लिए एकत्रित होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने किसान नेता सहित किसानों को आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया, वहीं पुलिस तैनात कर दी गई। शाहबाज त्यागी ने कहा कि जिस तरह इस तानाशाह सरकार ने किसानों को शांतिपूर्ण धरने से उठाकर जेल भेजने का कार्य किया है। यह निंदनीय है वह आज किसानों के धरने पर जा रहे थे। चरथावल पुलिस ने घर में ही हाऊस अरेस्ट कर लिया है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह सरकार पुलिस बल के दम पर किसानों की आवाज को कदापि नहीं दबा सकेगी।



## सैम पित्रोदा का मोबाइल और लैपटॉप हुआ हैक

**नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि उनके स्मार्टफोन, लैपटॉप और सर्वर को पिछले कुछ हफ्तों में बार-बार हैक किया गया है। हैकर उन्हें लगतारा धमकियां दे रहे हैं। उनका कहना है कि, हैकर मुझसे क्रिप्टोकरेंसी में हजारों डॉलर की मांग कर रहे हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने ईमेल के जरिए जारी बयान में कहा कि, हैकर ने चेतावनी दी है कि अगर भुगतान नहीं किया गया तो वे मेरे नेटवर्क के लोगों से संपर्क करके मेरी प्रतिष्ठा खराब करने के लिए बदनामी और गलत सूचना अभियान चलाएंगे। पित्रोदा ने मेल में लिखा कि, मैं आपके ध्यान में एक महत्वपूर्ण मामला लाना चाहता हूं। पिछले कुछ हफ्तों में मेरे लैपटॉप, स्मार्टफोन और सर्वर को बार-बार हैक किया गया है और गंभीर रूप से छेड़छाड़ की गई है। परिवार और दोस्तों को संबोधित ईमेल में, "इंडियन ओवरसीज कांग्रेस " के प्रमुख ने उनसे आग्रह किया कि वे किसी भी अज्ञात मेल आईडी या मोबाइल नंबर से उनके बारे में आने वाले किसी भी ईमेल या संदेश को "न खोलें", किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और डाउनलोड न करें। उन्होंने कहा कि इनमें मैलवेयर हो सकता है जो उनकी डिवाइस को नुकसान पहुंचा सकता है। पित्रोदा ने आगे कहा कि वह यात्रा कर रहे थे, लेकिन उन्होंने शिकागो लौटने पर तत्काल कार्रवाई करने की योजना बनाई।

## श्रीराम मंदिर ट्रस्ट ने जारी की निर्माणाधीन मंदिरों की तस्वीरें

**अयोध्या, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के विराजमान होने को एक वर्ष का समय पूर्णता की ओर है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह पूर्वक मनाने की योजना तैयार की है। इसी के अनुसार मंदिर निर्माण के शेष कार्य में तेजी आई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्माण कार्य की ताजा तस्वीरें साझा की हैं। शिखर, प्रथम तथा द्वितीय तल पर निर्माण की तस्वीरें साझा की गई हैं। इससे पहले परकोटे में निर्माणाधीन शिव मंदिर, सूर्य मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, गणेश मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर और हनुमान मंदिर में से कुछ का स्पष्ट स्वरूप उभर आया है। शेष में निर्माण कार्य तेजी पर है। यही स्थिति मंदिर के शिखर निर्माण की है। निर्माण की प्रगति स्पष्ट परिलक्षित होने लगी है। निर्माण कार्य की देखरेख में लगे दायित्वधारी श्रम और ऊर्जा के साथ जुटे हैं। मंदिरों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसी तरह राम मंदिर के शिखर का निर्माण भी तेज गति से किया जा रहा है।

## सीएम योगी ने महाकुंभ की तैयारियों का लिया जायजा

**प्रयागराज, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** महाकुंभ के कार्यों को परखने और पीएम मोदी के आगमन के मद्देनजर चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। वह पांच घंटे से अधिक समय तक यहां रहकर विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही मोदी के प्रस्तावित सभास्थल पर भी गए। मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर वाराणसी से चलकर करीब डेढ़ बजे पुलिस लाइन में उतरा। यहां से वह सर्किट हाउस पहुंच गए हैं और महाकुंभ एवं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। पार्टी पदाधिकारियों संग भी बैठक कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। इसके बाद वह अलोपीबाग फ्लाईओवर, सड़क का निरीक्षण किया। महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर एक में बन रहे पब्लिक एकोमेडेशन सेंटर तथा मेला प्रशासन के अस्थाई कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इसी क्रम में संगम क्षेत्र में बने खोया-पाया केंद्र का भी उद्घाटन किया।

## दिल्ली में कारोबारी की हत्या, सात-आठ राउंड फायरिंग

**दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** दिल्ली के थाना फर्श बाजार इलाके में शनिवार सुबह बदमाशों ने कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान सुनील जैन (52) के रूप में हुई है। बताया गया है कि मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों ने उन्हें गोली मारी है। डीसीपी शाहदरा, प्रशांत गौतम के मुताबिक, क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है। आगे की जांच जारी है। वारदात के बाद दिल्ली सरकार ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। बदमाशों ने सुनील जैन पर उस वक्त फायरिंग की जब वह फर्श बाजार के यमुना स्पोर्ट कॉम्पलेक्स में शनिवार सुबह सैर के बाद घर लौट रहे थे। मृत कारोबारी कृष्णा नगर में रहते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह पुलिस को यमुना स्पोर्ट कॉम्पलेक्स के पास एक शख्स को गोली मारने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सुनील जैन को पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## बंदरों ने रोक दी ट्रेनें, एक घंटे तक रुकी रही आवाजाही

**समस्तीपुर, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** समस्तीपुर जंक्शन पर शनिवार को एक अजीबोगरीब घटना सामने आई, जब प्लेटफॉर्म-4 पर दो बंदरों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस झड़प में एक बंदर ने टोकरी उठाकर दूसरे बंदर पर फेंकी, जो ओवरहेड तार में जा फंसी। इससे शॉर्ट सर्किट हो गया और तार टूटकर प्लेटफॉर्म पर खड़ी एक ट्रेन की बोगी पर गिर गया। इस कारण समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेल खंड पर ट्रेन सेवा ठप हो गई और करीब एक घंटे तक रेल परिचालन प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार, प्लेटफॉर्म-4 पर एक बंदर ने किसी यात्री से केला छीना और इसे लेकर दूसरा बंदर उस पर झपट पड़ा। दोनों बंदरों के बीच इस लड़ाई ने इतनी गंभीर स्थिति पैदा की कि एक बंदर ने एक टोकरी उठाकर दूसरे पर फेंकी। यह टोकरी ओवरहेड तार पर जा गिरी, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और तार टूटकर प्लेटफॉर्म पर खड़ी एक ट्रेन की बोगी पर गिर गया। इस हादसे के कारण रेलवे की विद्युत प्रणाली ठप हो गई और ट्रेनों का परिचालन रुक गया। घटना के तुरंत बाद रेलवे के विद्युत विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर टूटे हुए तार की मरम्मत की। उसके बाद ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू हुआ।

# नौकरी पर जाने के लिए निकले युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत



**खतौली, 07 दिसम्बर (बु.)।** दिन निकलते ही घर से नौकरी पर जा रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत के कारण परिजनों में कोहराम मचा नजर आया। मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से गांव नोएडा के ग्राम चोना नंगला निवासी यूपी पुलिस से सेवानिवृत्त उप निरीक्षक विजय पाल का परिवार वर्तमान में खतौली नगर की शिवपुरी कालोनी रहता है। सेवानिवृत्त दरोगा का 35 वर्षीय पुत्र अशोक नोएडा नगर में किसी कम्पनी में नौकरी करता है। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह अशोक नोएडा नौकरी पर जाने के लिए घर से रवाना हुआ था। बताया जाता है कि जब अशोक ट्रेन पकड़ने के लिए खतौली रेलवे स्टेशन जा रहा था, इसी दौरान रेलवे स्टेशन के निकट एक मालगाड़ी की चपेट में आकर सिर में लगी गम्भीर चोट से अशोक लहूलुहान हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया गया, जहां उपचार के दौरान 35 वर्षीय अशोक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों सहित कालोनी के लोग भी अस्पताल पहुंचे। इस दौरान परिजनों की मौजूदगी में पुलिस द्वारा पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। अशोक की दर्दनाक मौत से कालोनी में शोक छा गया।

## ताऊ राम-राम... हम तो चले, यह कहकर मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल से कूदा, पत्नी की तेरहवीं के दिन मरीज ने कर ली आत्महत्या

**बदायूं, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज के टीबी वार्ड में भर्ती हुए सुभाष ने अपने पड़ोस के बेड पर बैठे हुए बुजुर्ग से कहा कि ताऊ राम-राम, हम तो चले...। सुभाष के यह शब्द अंतिम थे। इसके बाद उसने चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। सुभाष को बुजुर्ग तीमारदार ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह छलांग लगा चुके थे। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पूरी रात सांस लेने में हो रही दिक्कत से जुनावई थाना क्षेत्र के गांव हथियावली निवासी सुभाष (30) पुत्र किशनलाल काफी परेशान हो चुके थे। पूरी रात वह वार्ड में चिल्लाते रहे। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने एक न सुनी। वह अपनी बीमारी से थक चुके थे और दर्द बर्दाश्त से बाहर था। सुबह वार्ड में पहुंचे दूसरे डॉक्टर ने सुभाष को देखने के बाद दवा लिखी व पिता को दवा लेने के लिए भेज दिया। इसी दौरान सुभाष बेड से उठ गए। कुछ देर डॉक्टर से बात की। बराबर के बेड पर मौजूद मरीज के साथ बुजुर्ग तीमारदार को ताऊ कहते हुए राम-राम की। इसके बाद कहा कि ताऊ हम तो चले। बुजुर्ग ने कहा- बेटे कहां जा रहा है। तेरी तबीयत ज्यादा खराब है, लेट जा...। दोनों के बीच बातचीत चल ही रही थी सुभाष खिड़की के पास पहुंचा। तीमारदार उसे रोकने के लिए दौड़े, लेकिन उससे पहले ही उसने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद डॉक्टर व स्टाफ खिड़की की तरफ भागे। अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। सिर में चोट लगने से सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई।

## इस्राइली हमलों में 20 लोगों की मौत; गाजा में युद्धविराम की आस में कतर

**गाजा, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** हमास और इस्राइल के बीच बीते साल सात अक्तूबर को शुरू हुई जंग के थमने के आसार हाल फिलहाल नजर नहीं आ रहे। अहर खत्म होते दिन के साथ यह जंग और बढ़ती ही जा रही है। इस्राइल ने हमास को जड़ से नेस्तनाबूद करने की कसम खाई है, इसका खामियाजा गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। यह शहर मलबों के ढेर में तब्दील हो गया है। इस बीच, गाजा में शनिवार को हुए इस्राइली हमलों में 20 लोग मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। वहीं, दूसरी ओर कतर ने इस्राइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के लिए कोशिशों में नई उम्मीद जताई है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि गाजा के स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, इस्राइली सेना द्वारा शनिवार को किए गए हमलों में 20 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कम से कम आठ नागरिक थे। हालांकि बाकी लोगों के बारे में यह साफ नहीं है कि वे लड़ाके थे या नहीं। इस्राइली सेना ने गाजा सिटी और राफा में कथित हमलों पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के अनुसार, शनिवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में एक फिलिस्तीनी व्यक्ति को इस्राइली सेना ने एक चेकपॉइंट पर गोली मार दी।

# अवैध खनन करते रोका तो ग्रामीणों पर फायरिंग, जेसीबी व डंफर छोड़कर भागे

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** मंसूरपुर क्षेत्र में खनन माफिया ने दबंगई दिखाते हुए एक किसान के खेत से अवैध खनन किया। इसकी सूचना पर ग्रामीणों ने उन्हें घेरा तो आरोप है कि माफिया और जेसीबी व डंफर चालक ग्रामीणों पर फायरिंग करते हुए वाहन छोड़कर फरार हो गए। जिले में अवैध खनन माफिया अकसर अपने कारनामे करते रहते हैं। थाना मंसूरपुर क्षेत्र के गांव बोपाडा ग्रामीणों ने अवैध खनन की सूचना पर एक खेत में खनन करते लोगों को घेर लिया। बताया गया है कि वहां बिना किसान की अनुमति के किसान के खेत से जेसीबी से मिट्टी निकाली जा रही थी। किसानों के मौके पर पहुंचने से जेसीबी और डंफर चालक मौके से फरार हो गए। खनन माफिया की एक जेसीबी और तीन डंफर किसानों ने अपने कब्जे में लेकर पुलिस को इसकी सूचना दी। खनन माफिया कई साथियों के साथ गाड़ी में सवार होकर मौके पर पहुंचा और आरोप है कि उसने ग्रामीणों पर फायरिंग की। जैसे तैसे किसानों ने जान बचाई और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और वहां जेसीबी और तीन डंफरों को कब्जे में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी।




## बरेली में ट्रक से कुचलकर महिला की मौत, पिता-पुत्र नीचे फंसे

**बरेली, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर हाफिजगंज कस्बे के पास ट्रक की चपेट में आकर बाइक 50 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में रामपुर के थाना कैमरी के गांव रास डांडिया निवासी सायमा (35 वर्ष) की मौत हो गई। ट्रक और बाइक के बीच फंसे उनके पति फिरासत अली और 10 वर्षीय बेटे शाने अली को जैक लगाकर करीब 20 मिनट बाद निकाला जा सका। पुलिस ने चालक को ट्रक सहित हिरासत में ले लिया है। फिरासत अली नवाबगंज के गांव सिजोलिया में अपने बीमार साढ़ू को देखने आए थे। शनिवार दोपहर बाद वह बाइक से घर लौट रहे थे। हाफिजगंज तिराहे पर पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया।

# दर्जनों युवकों ने रात्रि में गिरायी चाय की दुकान

▸ दुकान गिराने वालों ने दुकान को अपनी बताया ▸ नगर पंचायत कर रही दुकान पर अपना दावा

**मीरापुर, 7 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे में बस स्टैंड के समीप स्थित एक युवक की चाय की दुकान कुछ युवकों ने अलसुबह जबरन तोड़ डाली, सवेरे 5 बजे दुकान पर पहुंचे चाय विक्रेता ने पुलिस को सूचना दी।

मीरापुर के मौहल्ला नमक मंडी निवासी शाहनजर पुत्र मुम्तियाज की बस स्टैण्ड पर पानी की टंकी के समीप एक किराए की दुकान में चाय की दुकान है। उक्त दुकान पर भूम्मा निवासी नीरज भाटी पुत्र विद्याभानु अपनी होने का दावा करता आ रहा है, जबकि नगर पंचायत मीरापुर उक्त दुकान को अपनी संपत्ति बता रही है, जिसके चलते पिछले कुछ समय से उक्त दुकान को लेकर विवाद चल रहा है। बीती रात शाहनजर अपनी दुकान बंद करके अपने घर गया था। आरोप है कि इसी दौरान शनिवार की अलसुबह करीब 4 बजे नीरज भाटी अपने भाई भाग सिंह व दर्जनों साथियों के साथ मीरापुर आया और जबरन शाहनजर की चाय की दुकान तोड़ डाली, जिससे दुकान में रखा सब बर्तन व अन्य सामान व नकदी फर्नीचर आदि मलबे में दब गया। इस दौरान किसी ने शाहनजर को सूचना दी तो वह मौके पर पहुंचा, और पुलिस को इसकी सूचना दी, तो मौके पर पहुंची पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया और थाने ले आयी। सूचना पर नगर पंचायत के सभासद दिलशाद मलिक व चेयरमैन जमील अहमद भी मौके पर पहुँच गए। पीड़ित चाय विक्रेता शाहनजर ने नीरज भाटी व उसके भाई भाग सिंह को नामजद तथा दर्जनों अज्ञात युवकों के विरुद्ध तहरीर दी है।... मामले पर इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि दुकान में तोड़फोड़ की सूचना मिली है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# हाशिमपुरा कांड में आठ पुलिसकर्मियों को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**मेरठ, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** मेरठ में 1987 में हुए हाशिमपुरा कांड के आठ दोषियों को जमानत मिलने के बाद पीड़ित परिवारों की इंसाफ की उम्मीद टूट गई है। उन्होंने कहा कि आज भी वह दिन याद करके आंखे भर आती है। जख्म हरे हो जाते है। वह खौफनाक दिन देखकर रौंगटे खड़े हो जाते है। ऐसे में उनकी आरोपियों को कोर्ट से बख्शीश मिलने के बाद वह आगे की पैरवी जरुर करेंगे लेकिन दो पीढ़ियों के पैर जरुर पैरवी कर-करके दुख चुके है। हाशिमपुरा के रहने वाले कमरुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन की जान चली गई थी। मां जैतून बेगम और कमरुद्दीन के भाई शमशुद्दीन ने बताया कि घटना से दो साल पहले शादी हुई थी। परिवार में खुशियों का माहौल था, लेकिन 1987 में मौत के बाद घर की रौनक सारी खुशियां चली गई। पिता जमालुद्दीन ने कोर्ट में केस लड़ा पूरी पैरवी की लेकिन दो साल पहले पिता की भी मौत हो गई। आज भी हमारे जख्म हरे है। हाशिमपुरा निवासी सिराज अहमद पुत्र शब्बीर अहमद की भी पीएसी की गोली लगने से मौत हुई थी। बहन नसीम बानो ने बताया कि चार बहन में अकेला भाई सिराज था, उस समय घर का चिराग बुझ गया था। इंसाफ की अब तक हमारी सारी उम्मीद टूट गई है। अब तो केवल ऊपर वाले पर भरोसा है। सिराज की शादी होने वाली थी उससे पहले पीएसी की गोली लगने से मौत हो गई। घर में खुशी आने वाली थी जो मातम में बदल गई।

## मनाली में होटल में भीषण आग से मची अफरातफरी

**मनाली, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** दारुल उलूम की कराई जाए खोदाई, निकलेगा मंदिर हिमाचल प्रदेश के पर्यटन नगरी मनाली के अंतर्गत रांगड़ी-सिमसा मार्ग पर संध्या रिजॉर्ट होटल मे भयंकर आग भड़क गई। जिससे करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। होटल मे ठहरे सभी पर्यटक सुरक्षित है। अभी तक किसी तरह के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। हालांकि पर्यटकों का सामान आग में जल गया। प्रशासन की पूरी टीम मौके पर पहुंची है। पर्यटकों के ठहरने की भी व्यवस्था कर ली गई है।

## दिन दहाड़े मस्जिद का गल्ला फाड़कर उड़ाई हजारों की नगदी

**बुढ़ाना, 07 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे में चोरों के हौसले इतने बुलन्द हैं कि उन्होंने अब धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। मामला बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती की नमरा मस्जिद का है। यहां पर अज्ञात चोरों ने उक्त मस्जिद की दान पेटी से हजारों रुपये की नगदी चुराकर सनसनी मचा दी। जो कोई भी व्यक्ति मस्जिद से रुपए चोरी होने की बात को सुन रहा है वो ही दंग है और कह रहा है कि क्या अब चोरों को अल्लाह का घर भी नहीं दिख रहा है। उक्त मामले में मस्जिद के जिम्मेदारों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरो की फुटेजें भी खंगालनी शुरू कर दी है और साथ ही रविवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर कोतवाली में दी जाएगी और साथ ही बुढ़ाना पुलिस से उक्त मामले में जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी। मस्जिद के जिम्मेदारों की माने तो दान पेटी में 40 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपये के करीब हो सकते हैं।

# मुठभेड़ में बाइक चोर गिरोह के 2 सदस्य हुए अरेस्ट

**बुढ़ाना, 7 दिसम्बर (बु.)।** कोतवाली में शनिवार के दिन आयोजित हुई एक पत्रकार वार्ता में एसपी देहात आदित्य बंसल और सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने विज्ञाना मार्ग से अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पुलिस ने 2 तमंचे व बाईक बरामद की। पकड़े गए बाइक चोरों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उनकी निशानदेही पर विज्ञाना मार्ग पर एक खंडहर से 8 चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया बाइक चोर बागपत जनपद के दोघट थाना क्षेत्र के गांव निरपुड़ा का रहने वाला है। वर्तमान में वह गाजियाबाद जनपद के लोनी थाना क्षेत्र के गांव अशोक विहार में रहता है। दूसरा चोर सलमान भी इसी गांव का रहने वाला है। एसपी देहात ने बताया कि दोनों बाइक चोर अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह के सदस्य हैं। सीओ ने बताया कि उनके कब्जे से मिली एक बाईक कस्बे के एक बैंकट हॉल के सामने से चोरी की गई थी। इस घटना में शामिल उन्होंने अपने तीसरे साथी नाजिम मलिक का नाम भी पुलिस को बताया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों बाइक चोर का चालान कर दिया है।



# उर्वरक की दुकानों पर छापा, मचा हड़कंप, कई पर कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** शासन के निर्देश पर जिले में उर्वरक की विनिर्माण इकाई व दुकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी में जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने सदर तहसील के 17 प्रतिष्ठानों पर छापे मारे। इस दौरान से 08 उर्वरक के नमूने लिए और 3 इकाईयों के उत्पादन व बिक्री पर रोक लगाने के साथ चेतावनी/कारण बताओ नोटिस निर्गत किए गए। इसके अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी व जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से ज्योति एग्रो सलारपुर एवं उत्तम पेस्टीसाइड निराना का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ज्योति एग्रो में किसी प्रकार का कोई भी उर्वरक नहीं मिला और लैब कीटनाशक नियम के तहत सुचारू नहीं मिली, जिस पर उनके कीटनाशक के उत्पादन एवं बिक्री पर रोक लगा दी गई। इसके अतिरिक्त जानसठ तहसील में पीपीओ द्वारा 4 नमूने ग्रहित किए गए। इसके अलावा जिला भूमि संरक्षण अधिकारी के द्वारा दो नमूने बुढ़ाना क्षेत्र से ग्रहित किए गए।

**17 प्रतिष्ठानों पर छापे, 08 उर्वरक के नमूने लिए और 3 इकाईयों के उत्पादन व बिक्री पर रोक**

## मोबाइल फोन पर विद्यालय में बात करने से मना करने पर प्रधानाचार्य के साथ अभद्रता

**खतौली, 07 दिसम्बर (बु.)।** विद्यालय में मोबाइल फोन लाकर बात करने से रोकने पर आक्रोशित हुए एक छात्र ने प्रधानाचार्य के साथ अभद्र व्यवहार व धक्का मुक्की की। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पमनावली स्थित एक विद्यालय के प्रधानाचार्य पारसराम द्वारा पमनावली पुलिस चौकी पर दी गई तहरीर में उल्लेख किया है कि विद्यालय के कक्षा दस के एक छात्र श्रीकान्त का अनुशासनहीनता के चलते कई माह पूर्व विद्यालय से निष्कासन दिया गया था। प्रधानाचार्य ने बताया कि शुक्रवार को जब उक्त छात्र विद्यालय परिसर में आकर छात्राओं से फोन पर बात कर रहा था, तो प्रधानाचार्य द्वारा छात्र को रोकने का प्रयास किया गया। जिस पर आक्रोशित छात्र द्वारा उनके साथ गाली-गलौच व अभद्रता शुरू कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी। प्रधानाचार्य सहित विद्यालय के शिक्षकों द्वारा पुलिस चौकी में तहरीर देकर आरोपी छात्र के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ मेरठ में फूटा हिंदू समाज का गुस्सा

### जमकर किया प्रदर्शन-नारेबाजी, बांग्लादेश का पुतला जलाया

**मेरठ, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जनमानस में आक्रोश है। इसे लेकर सर्व हिंदू समाज आज विराट धरना-प्रदर्शन कर रहा है। शहर में 75 विभिन्न स्थानों पर लोग एकत्र होकर पैदल मार्च करते हुए कमिश्नरी पहुंचे। सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में भी विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया। इसमें हिंदू संगठनों के साथ भाजपा, व्यापारिक और धार्मिक संगठन भी शामिल होने पहुंचे। इस दौरान शहर भर में मार्च निकाला गया तो वहीं बांग्लादेश का पुतला फूंका गया। शहर में बुढ़ाना गेट से सबसे बड़ा पैदल मार्च निकाला गया। इसमें इस्कॉन सहित पुराने शहर के व्यापारी, समाजसेवी, हिंदू संगठन सहित राजनैतिक दलों के लोग भी पैदल मार्च करते हुए कमिश्नरी पहुंचे। इस दौरान कई स्कूलों के छात्र छात्राएं भी इस मार्च में पोस्टर लेकर शामिल हुए। भाटवाड़ा दुर्गा मंदिर समिति अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि बुढ़ाना गेट से यात्रा निकाली गई। इस मार्च में शामिल हुए धार्मिक संगठनों ने हरे राम हरे कृष्ण का गान किया। साथ साथ नृत्य कीर्तन करते हुए कमिश्नरी तक पैदल मार्च किया। पैदल मार्च में शामिल लोगों हाथ में पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर लिखा था कि 'हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो' इसके अलावा कटोगे तो बटोगे के पोस्टर लिए हुए भी लोग मार्च में शामिल हुए। भाजपा सांसद अरुण गोविल खुद ट्रैक्टर चलाकर इस प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे। शहर में बुढ़ाना गेट से सबसे बड़ा पैदल मार्च निकाला गया। इसमें इस्कॉन सहित पुराने शहर के व्यापारी, समाजसेवी, हिंदू संगठन सहित राजनैतिक दलों के लोग भी पैदल मार्च करते हुए कमिश्नरी पहुंचेंगे

# रजवाहों की सफाई के नाम पर सिंचाई विभाग करता रहा गोलमाल

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** रजवाहों की सफाई के नाम पर सिंचाई विभाग के खेल का एसडीएम के निरीक्षण में पर्दाफाश हो गया। रहवाहों की सफाई ठीक ढंग से नहीं की जा रही है। इसके बाद डीएम उमेश कुमार मिश्रा ने एसडीएम सदर के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मौके पर जाकर रजवाहों की सफाई के निरीक्षण का आदेश दिया था। इस टीम के निरीक्षण के दौरान मखियाली गांव से धंधेड़ा गांव और जौली रोड तक की सफाई के नाम पर औपचारिकता पाई गई। एसडीएम सदर निकिता शर्मा और पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान खुद एसडीएम निकिता शर्मा करीब 5 किलोमीटर तक जांच में शामिल रही। इस दौराना पाया गया कि सिंचाई विभाग द्वारा रजवाहों की सफाई के नाम पर मात्र खाना पूर्ति की गई है। निरीक्षण के बाद एसडीएम अपनी रिपोर्ट डीएम को रिपोर्ट सौंपेंगी। इस मामले में सिंचाई विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों पर गाज गिर सकती है। डीएम के आदेश पर हुई कार्रवाई से सिंचाई विभाग में खलबली मची है।






एसडीएम सदर ने पाया की सफाई के नाम पर औपचारिकता निभाते हुए विभाग के अधिकारियों ने गोलमाल किया है।किसानों ने शिकायत की थी कि सिंचाई विभाग द्वारा

## दारुल उलूम की कराई जाए खोदाई, निकलेगा मंदिर: साध्वी प्राची

**देवबंद, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची का बयान एक बार फिर सुर्खियो में है। उन्होंने कहा कि दारुल उलूम और बड़ी मस्जिद का भी सर्वे होना चाहिए। अगर इनकी खोदाई कराई जाए तो यहां पर भी मंदिर निकलेगा। शनिवार को देवबंद में आबकारी रोड स्थित निजी कार्यक्रम में पहुंचीं साध्वी प्राची ने मीडिया से बातचीत करते हुए यह बयान दिया।



उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के अंदर मंदिरों को तोड़कर जो मस्जिदें बनाई गई हैं अब वापस लेने का समय आ गया है। अयोध्या अब हमारी है काशी और मथुरा की बारी है। देवबंद में भी पता चला है कि यहां पर जो बड़ी मस्जिद (रशीदिया) है उसका सर्वे होना चाहिए और खोदाई होनी चाहिए। दारुल उलूम को लेकर कहा कि यहां पर क्या समस्या है। दारुल उलूम का भी सर्वे होकर खोदाई होनी चाहिए। दारुल उलूम की खोदाई कराई जाए तो यहां पर भी मंदिर निकलेगा। सर्वे चल ही रहे हैं एक साथ ही सर्वे हो जाए। साध्वी प्राची का यह बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

# दो महिलाओं सहित छह के खिलाफ रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** मिमलाना रोड निवासी भाकियू तोमर युवा विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष शहजाद मलिक ने पिछले दिनों एसएसपी अभिषेक सिंह को पत्र देकर बताया था कि उसके पिता इन्शाद नजर उतारने के साथ-साथ दुआ करने का काम करते हैं। आरोप लगाया कि थानाभवन के इस्तखार राव व जाहिद राव पांच नवम्बर को दो महिलाओं को रिश्तेदार बताकर पिता के पास लाये थे, पिता ने उन्हें दुआ करने के बाद वापस भेज दिया था। आरोप है कि कुछ देर बाद उक्त लोग वापस आकर पिता पर तीन लाख रुपये देने का दबाव बनाने लगे और आरोप के मुताबिक ब्लैकमेल करते हुए यह कहा गया कि यदि पैसे न दिए गए तो उनके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी जायेगी। दहशत में आये पिता ने उन्हें एक लाख रुपये दे भी दिए। फिर दो दिसम्बर को आरोपी इस्तखार ने दुष्कर्म के मुकदमे की कॉपी दिखाई और 50 हजार रुपये फिर ऐंठ लिए। इस मामले में पिता जेल भी चले गये, लेकिन फिर भी एक महिला फोन पर पूरे परिवार को फंसाने की धमकी देते हुए पैसे की मांग करती रही। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि उक्त मामले में पहले महिला ने वादी पिता के खिलाफ थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**भाकियू तोमर युवा विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कराई रिपोर्ट**

## लोन दिलाने के नाम पर 78 हजार रुपये निकाले

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** साइबर ठगों ने लोन दिलाने के नाम पर नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के अंकित विहार निवासी संगम कुमार निर्वाल से लोन दिलवाने के नाम पर 78 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष सितम्बर माह में एक लोन एजेंट ने उसका 50 हजार रुपये का अनसिक्योर्ड लोन स्वीकृत कराया था, यह लोन नवम्बर माह में पूरा होना था। मगर एजेंट द्वारा अनसिक्योर्ड लोन 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख का करा दिया, जिसकी धनराशि उसके खाते में भी आ गई। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर एनओसी भेजने के लिए घर के पते और अन्य जानकारियां संगम कुमार से हासिल की, उसने स्वाभाविक रूप से सारी जानकारी उसको उपलब्ध करा दी, जिसके बाद उसके बैंक के खाते से 78 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

# ममता को इंडिया गठबंधन की कमान पर बंटा विपक्ष

**नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** विपक्षी गठबंधन इंडिया में फिलहाल सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। ये तब सामने आया जब विपक्षी गठबंधन की वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने विपक्षी ह्यइंडियाह्न गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया और मौका मिलने पर इसकी कमान संभालने के अपने इरादे जताए। ममता बनर्जी के बयान के बाद बंगाल से लेकर दिल्ली तक सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है। एक ओर जहां उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना उनसे वार्ता की बात कह रही है। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि वे सिर्फ मीडिया के एक सवाल का जवाब दे रही थीं। इसके अलावा, एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि अगर वे अधिक जिम्मेदारी लेना चाहें तो हम उनके साथ हैं। वहीं, कई राज्यों में सत्ता पर आसीन भाजपा ने ममता के बयान को आधार बनाकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। भगवा दल का कहना है कि राहुल को हम नहीं विपक्षी गठबंधन बालक बुद्धि कहता है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के 'भारत गठबंधन का नेतृत्व करने को इच्छुक' वाले कथित बयान पर कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने सिर्फ मीडिया के एक सवाल का जवाब दिया। इसका मतलब यह नहीं है कि इस बारे में भारत गुट में बातचीत हुई थी। अगर वह इस बारे में इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ बात करती हैं तो वे मिलकर इसका समाधान ढूंढेंगे। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख के बयान पर उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने कहा, 'हम ममता बनर्जी की इस राय को जानते हैं। हम सब यह भी चाहते हैं कि वह इंडिया गठबंधन की एक प्रमुख भागीदार बनी रहें। चाहे ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या शिवसेना (यूबीटी), हम सब एक साथ हैं।

## युवक ने गृह कलेश में जहर खाकर जान दी

**बुढ़ाना, 7 दिसम्बर (बु.)।** एक युवक ने गृह कलेश से तंग आकर जहर खा लिया। जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड दिया। परिजनों में कोहराम मचा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली की उमरपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव में एक युवक की बीते दिन अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। तब उसने मौका पाकर घर में खेतों के लिए रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों के पता चलने पर परिजनों ने आनन फानन में युवक को गांव के ही एक चिकित्सक को दिखाया तो उसने युवक को गंभीर हालत में बुढ़ाना हस्पताल के लिए भेज दिया। तब परिजनों ने युवक को हस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के चलते युवक ने दम तोड दिया। इस संबंध में बुढ़ाना पुलिस को सूचना दी गयी। उधर परिजनों ने शव को गांव में लाकर सुपुर्दे खाक कर दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है।

# डीएम-एसएसपी ने तहसील सदर में सुनी लोगों की समस्याएं

## अधीनस्थों को दिए फरियादियों को संतुष्ट करने के निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)।** शनिवार को डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में डीएम उमेश मिश्रा ने निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हुई हैं, उनको स्वयं देखकर इन शिकायतों को ऑनलाइन अपलोड कराते हुए निस्तारण कराएं। उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त हुई शिकायतों की समस्याओं का शिकायतकर्ता के यहां मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। वहीं शिकायतकर्ता से शिकायत के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया जाए, कि वे इन निस्तारण में संतुष्ट है या नहीं, मौके का फोटो व वीडियो बनाया जाए और प्रमाण पत्र के साथ ही रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाए।

शनिवार में डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में सदर तहसील में आयोजित तहसील दिवस में डीएम ने प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण को संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का समयांतर्गत निस्तारण किया जाये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को मुजफ्फरनगर की 14वीं रैंक आने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह कार्य करने की आवश्यकता है, जिससे जनपद की और अच्छी रैंकिंग हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आइजीआरएस की शिकायतों का समय अंतर्गत निस्तारण किया जाए, संबंधित अधिकारी स्वयं आईजीआरएस की शिकायतों को देखकर उसका गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण अवश्य कराएं, कोई भी शिकायत पेंडिंग में ना रहे। समाधान दिवस में कुल 59 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, राशन कार्ड, चकबंदी, पेंशन, सड़क, नाला व विद्युत विभाग आदि से संबंधित शिकायतें मुख्य रूप से प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण कराने को निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम सदर निकिता शर्मा, उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट संजय सिंह, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़, डीपीआरओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी व पुलिस विभाग से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# कार की डिग्गी में 12 बोरों में ठूंसकर भरे पकड़े सौ बंदर, युवकों ने काटा गदर

**मेरठ, 7 दिसंबर (एजेंसी)।** 12 बोरों में ठूंस-ठूंसकर भरे 100 बंदर मिलने के बाद सोफीपुर के पास हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा किया और कार चालक की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और मामला दर्ज करने के साथ । कांधला के युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

शुक्रवार शाम रुड़की रोड पर सोफीपुर के पास पांच बाइक पर सवार युवकों ने इको कार सवार को रोक लिया। इन युवकों को जानकारी मिली थी कि कार चालक बंदरों की तस्करी कर रहा है और कार में बंदर भरे हैं। जैसे ही कार खुलवाई गई, सब हैरान रह गए। कार के अंदर बारह बोरों में ठूंस-ठूंस कर भरे गए करीब सौ बंदर मिले। गुस्साए युवकों ने कार चालक को पीटना शुरू कर दिया। बोरे खुलवाए और सभी बंदरों को पास के ही जंगल में मुक्त करा दिया। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी की। लोगों ने पूरा मामला पुलिस को बताया। इसके बाद पुलिस आरोपी को कार समेत थाने लेकर आ गयी। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दिलशाद निवासी कांधला मुजफ्फरनगर बताया। उसने यह भी बताया कि वह बंदर पकड़ने का काम करता है और इन्हें छोड़ने जा रहा है। पुलिस ने कार को सीज किया और आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस को कार के अंदर से मूंगफली व जाल पकड़ा है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि आरोपी दिलशाद ने बताया है कि वह मवाना की फैक्ट्री से बंदर पकड़कर सरधना की नहर पर छोड़ने जा रहा था। फिलहाल पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।